Ans. (b) : सही सुमेलित है।

नाम		सम्बन्धित स्थल
मीठालाल व्यास	-	जैसलमेर
भूपेन्द्र नाथ त्रिवेदी	-	बांसवाड़ा
किशनलाल जोशी	-	भरतपुर
पंडित हरिनारायण शर्मा	-	अलवर

7. वर्तमान में, राजस्थान विधानसभा की महिला एवं बाल कल्याण संबंधी समिति की अध्यक्ष हैं-

(a) मंजू देवी (b) शकुन्तला रावत
(c) अनीता भदेल (d) शाफिया जुबैर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (c) : वर्तमान में (2021-22), राजस्थान विधानसभा की महिला एवं कल्याण संबंधी समिति की अध्यक्ष अनीता भदेल है।

8. अधोलिखित में से कौन-सा युग्म (प्राचीन अंचल-आधुनिक जिला/जिले) सही सुमेलित नहीं है?

(a) अर्बुद देश-सिरोही
(b) शिवि-चित्तौड़गढ़, उदयपुर
(c) सपादलक्ष-अजमेर, नागौर
(d) वागड़-सीकर, झुंझुनू

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (d) : डूंगरपुर तथा बांसवाड़ा के सम्पूर्ण भू-भाग को वागड़ कहा जाता है। यहाँ प्रारम्भ में परमारों तथा उनके बाद गुजरात के सोलंकी शासको का शासन रहा। वीरसिंह के पौत्र डूंगरसिंह ने डूंगरपुर शहर बसाया तथा इसे वागड़ राज्य की राजधानी बनाया। अन्य विकल्प सही सुमेलित है।

9. किस वर्ष 'राजस्थान सेवा संघ' का स्थानांतरण अजमेर हुआ?

(a) 1918 (b) 1919
(c) 1920 (d) 1921

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (c) : विजय सिंह पथिक ने रामनारायण चौधरी व हरिभाई किकर के साथ मिलकर 1919 ई. में वर्धा में राजस्थान सेवा संघ को स्थापना की। 1920 ई. में इसका कार्यालय अजमेर स्थानान्तरित किया गया।

10. प्लेनेट डी की यात्रा सूची 'द 16 मोस्ट रोमाटिक सिटीज ऑन अर्थ' में, राजस्थान के किस शहर को 2022 में शामिन किया गया है?

(a) डूंगरपुर (b) जयपुर
(c) उदयपुर (d) जैसलमेर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (c) : प्लेनेट डी की 'द 16 मोस्ट रोमांटिक सिटीज ऑन अर्थ' 2022 में राजस्थान के उदयपुर शहर को चौथा स्थान मिला है। इसमें पहला स्थान पेरिस को, दूसरा स्थान वेनिस को एवं तीसरा स्थान हांग्जों को मिला है।

11. राजस्थान की निम्नलिखित में से किसे जनवरी, 2022 में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?

(a) किरण शर्मा (b) गौरी माहेश्वरी
(c) दीपिका गुप्ता (d) नमीता सिंह

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (b) : राजस्थान की गौरी माहेश्वरी को कला और संस्कृति की श्रेणी में वर्ष 2022 का प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वर्ष 2023 में कुल 11 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है जिनके नाम हैं–आदित्य सुरेश, आदित्य प्रताप सिंह, अनुष्का जाली, हनाया निसार, कोलगतला अलाना मीनाक्षी, एम. गौरवी रेड्डी, ऋषि शिव प्रसन्ना, रोहन रामचंद्र बहिर, संभब मिश्रा, शौर्यजीत रंजीत कुमार खैरे, श्रेया भट्टाचार्यजी।

12. 'अटल सेवा केन्द्र' को नया नाम क्या दिया गया है?

(a) जन सुविधा केन्द्र (b) ग्राम सुविधा केन्द्र
(c) ग्राम विकास केन्द्र (d) राजीव गांधी सेवा केन्द्र

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (d) : राजस्थान सरकार द्वारा अटल सेवा केंद्र का नाम परिवर्तित कर भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र कर दिया गया है।

13. निम्नलिखित में से कौन सा (लिफ्ट नहर-लाभान्वित जिले सुमेलित नहीं है?

(a) कुंवरसेन-गंगानगर, बीकानेर
(b) कुम्भाराम आर्य - जैसनमेर, बाड़मेर
(c) डॉ. करणी - बीकानेर, जोधपुर
(d) जय नारायण व्यास - जैसलमेर, जोधपुर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (b) : सही सुमेलन इस प्रकार है।

लिफ्ट नहर	लाभान्वित जिले
कुंवरसेन	गंगा नगर बीकानेर
कुम्भाराम आर्य	हनुमानगढ़, झुनझुनू
डा0 करणी	बीकानेर जोधपुर
जय नारायण व्यास	जैसलमेर, जोधपुर

14. सुमेलित कीजिए-

	हस्तशिल्प उत्पाद		स्थान
A.	बादला	1.	जयपुर
B.	नमदा	2.	लेटा
C.	पाव रजाई	3.	जोधपुर
D.	खेसला	4.	टोंक

Codes

	A	B	C	D
(a)	3	4	1	2
(b)	4	3	1	2
(c)	3	4	2	1
(d)	4	3	2	1

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B